NATO में शामिल हुआ फिनलैंड

सदस्यता संबंधी आवेदन की पुष्टि के कुछ ही समय बाद फिनलैंड **ने आधिकारिक तौर पर** नाटो **(NATO) की सदस्यता प्राप्त कर ली है**। नाटो के अधिकांश सदस्यों ने इसका समर्थन किया, उनका मानना था कि **फिनलैंड की सदस्यता बाल्टिक क्षेत्र में गठबंधन की ताकत को बढ़ाएगी।**

- **तुर्किये और हंगरी** के कारण **स्वीडन** के लिये **नाटो की सदस्यता प्राप्त करना काफी कठिन** है।

फिनलैंड के नाटो में शामिल होने की पृष्ठभूमि और प्रभाव:

- **पृष्ठभूमि:**
  - फिनलैंड का नाटो में शामिल होने का कारण रूस-यूक्रेन संघर्ष है, जिस कारण रूस के पड़ोसी छोटे देशों को नाटो द्वारा प्रदान किये जाने वाले शक्तिशाली सैन्य समर्थन की आवश्यकता महसूस हुई। इस आक्रमण के बाद फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो की सदस्यता के लिये आवेदन किया था।
  - फिनलैंड जो रूस के साथ 1,340 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, ने 70 से अधिक वर्ष पुरानी अपनी सैन्य गुटनिरपेक्षता की नीति को समाप्त कर दिया है, वास्तव में शीत युद्ध के वर्षों में **सोवियत संघ और पश्चिम के बीच तटस्थता की नीति को 'फिनलैंडाईज़ेशन' के रूप में जाना जाता था** तथा रूस द्वारा आक्रमण करने से पहले यूक्रेन का फिनलैंडाईज़ेशन (Finlandisation) चर्चा में शामिल विकल्पों में से एक था।
- **प्रभाव:**
  - फिनलैंड ने **बेहतर सुरक्षा प्राप्त की है, लेकिन यह रूस के साथ महत्त्वपूर्ण व्यापार और पर्यटन राजस्व से वंचित हो सकता है** तथा बाल्टिक सागर एवं यूरोप में बड़े पैमाने पर विश्वास-निर्माण तथा उपस्थिति के रूप में इसकी स्थिति खतरे में पड़ रही है।
  - **फिनलैंड के नाटो में शामिल होने से रूस को कमज़ोर करने हेतु नाटो की प्रशिक्षित सेना एवं हथियारों को रूस के निकट तैनात कर नाटो की स्थिति और मज़बूत होगी।**
    - हालाँकि रूस इसे खतरनाक ऐतिहासिक गलती के रूप में देखता है जो यूक्रेन संघर्ष को बढ़ा सकता है, साथ ही रूस अपने **पश्चिम एवं उत्तर-पश्चिम में सैन्य क्षमता को और मज़बूत करेगा।**

NATO/नाटो:

- **परिचय:**
  - नाटो अथवा **उत्तर अटलांटिक संधि संगठन** (NATO) एक राजनीतिक और सैन्य गठबंधन है **जिसमें 31 सदस्य देश शामिल हैं।**
  - इसका **गठन वर्ष 1949** में सदस्यों के बीच **पारस्परिक रक्षा और सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ** किया गया था।
- **सदस्य:**
  - **वर्ष 1949** में गठबंधन के **12 संस्थापक सदस्य** थे: **बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्राँस, आइसलैंड, इटली, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका।**
  - तब से **19 और देश गठबंधन में शामिल हुए हैं**: ग्रीस एवं तुर्की (1952); जर्मनी (1955); स्पेन (1982); चेक गणराज्य, हंगरी और पोलैंड (1999); बुल्गारिया, एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया, रोमानिया, स्लोवाकिया एवं स्लोवेनिया (2004); अल्बानिया और क्रोएशिया (2009); मोंटेनेग्रो (2017); उत्तर मैसेडोनिया (2020) तथा **फिनलैंड (2023)**।



- **मुख्यालय:** ब्रुसेल्स, बेल्जियम।
  - **एलाइड कमांड ऑपरेशंस का मुख्यालय: मॉन्स, बेल्जियम**
- **विशेष प्रावधान:**
  - **अनुच्छेद 5:** नाटो संधि का अनुच्छेद 5 एक **प्रमुख प्रावधान है जो बताता है कि किसी एक सदस्य पर हमला सभी सदस्यों पर हमला माना जाएगा।**
    - संयुक्त राज्य अमेरिका में **9/11 के आतंकवादी हमलों के बाद इस प्रावधान को केवल एक बार लागू** किया गया है।
  - हालाँकि नाटो की सुरक्षा सदस्य देशों के **गृह युद्ध या आंतरिक तख्तापलट** के संदर्भ में नहीं लागू होती है
- **नाटो के गठबंधन:**
  - [यूरो-अटलांटिक साझेदारी परिषद (Euro-Atlantic Partnership Council-EAPC)]
  - [भूमध्य संवाद]
  - इस्तांबुल सहयोग पहल (Istanbul Cooperation Initiative-ICI)

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/finland-joins-nato